$$= -13.6 \text{ eV}$$

जबकि $K = 13.6 \text{ eV}$

$\therefore$ हाइड्रोजन परमाणु में इलेक्ट्रान की कुल ऊर्जा

$$E = K + U'' = 0$$

अतः इलेक्ट्रान को मुक्त करने के लिए आवश्यक कार्य

$$W = E - U' = 0(-13.6)$$

$$= 13.6 \text{eV}$$

प्रश्न 19 यदि H_2 अणु के दो में से एक इलेक्ट्रॉन को हटा दिया जाए तो हमें हाइड्रोजन आण्विक आयन(H_2+) प्राप्त होगा। (H_2+) की निम्नतम अवस्था (ground state) में दो प्रोटॉन के बीच दूरी लगभग 1.5A° है और इलेक्ट्रॉन प्रत्येक प्रोटॉन से लगभग 1A° की दूरी पर है। निकाय की स्थितिज ऊर्जा ज्ञात कीजिए। स्थितिज ऊर्जा की शून्य स्थिति के चयन का उल्लेख कीजिए।

उत्तर- स्थितिज ऊर्जा की शुन्य स्थितिअनन्त पर मानते हुए दिए गए वैद्युत निकाय (जिसमें चित्र के अनुसार दो प्रोटॉम एवं एक इलेक्ट्रॉन है) की स्थितिज ऊर्जा 3

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



$$U = U_{e,e} + U_{e,-e} + U_{-e,e}$$

$$U = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{e\times e}{AB}\right) + \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{e\times -e}{BC}\right) + \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{-e\times e}{AC}\right)$$

$$= \left(\frac{1}{4\pi\epsilon_0}\right)e^2\left[\frac{1}{AB} - \frac{1}{BC} - \frac{1}{AC}\right]$$

$$= (9\times10^9)(1.6\times10^{-19})^2\left[\frac{1}{1.5\times10^{-10}} - \frac{1}{1\times10^{-10}} - \frac{1}{1\times10^{-10}}\right] \text{ जुल}$$

$$= (9\times10^9)\times(2.56\times10^{-38})\left[\frac{2}{3} - 1 - 1\right]\times10^{10} \text{ जुल}$$

$$= 9\times2.56\times\left[-\left(\frac{4}{3}\right)\right]\times10^{-19} \text{ जुल}$$

$$= -3\times2.56\times4\times10^{-19} \text{ जुल} = -30.72\times10^{-19} \text{ जुल}$$

$$= \left[(-30.72\times10^{-19})\div(1.6\times10^{-19})\right] \text{eV} = -19.2 \text{ ev}$$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 20 a और b त्रिज्याओं वाले दो आवेशित चालक गोले एक तार द्वारा एक-दूसरे से जोड़े गए हैं। दोनों गोलों के पृष्ठों पर विद्युत-क्षेत्रों में क्या अनुपात है? प्राप्त परिणाम को, यह समझाने में प्रयुक्त कीजिए कि किसी एक चालक के तीक्ष्ण और नुकीले सिरों पर आवेश घनत्व, चपटे भागों की अपेक्षा अधिक क्यों होता है?

उत्तर- माना इन गोलों पर आवेश क्रमशः क q_1 तथा q_2 हे।

∵ दोनों गोले चालक तार द्वारा जुड़े है। अतः दोनों के पृष्ठीय विभाग बराबर होंगे।

$$\text{अतः } \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q_1}{a} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q_2}{b}$$

$$\Rightarrow \frac{q_1}{a} = \frac{q_2}{b}$$

$$\Rightarrow \frac{q_1}{b_2} = \frac{q}{b}$$

अतः गोले के पृष्ठो पर विद्युत-क्षेत्र क्रमशः निम्नलिखित है।

$$E_1 = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q_1}{a^2} \text{ तथा } E_2 = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q_2}{b^2}$$

$$\therefore \frac{E_1}{E_2} = \frac{q_1}{q_2} \times \frac{b^2}{a^2} = \frac{a}{b} \times \frac{b^2}{a^2}$$

$$\Rightarrow \frac{E_1}{E_2} = \frac{b}{a}$$

सिद्ध करना कि आवेश घनत्व $\propto \frac{1}{\text{वक्रता-त्रिज्या}}$

माना किसी आवेशित चालक के दो अलग-अलग भागो की वक्रता-त्रिज्याएँ a तथा b है माना चालक का प्रथम भगा दूसरे की तुलना में अधिक नुकीला है तब a > b होगा।

SHIVOM CLASSES 8696608541

यदि इन भाग पर q_1 व् q_2 आवेश संचित है तो

$$\frac{q_1}{q_2}=\frac{a}{b}$$

इन भागो पर पृष्ठीय आवेश घनत्व क्रमशः $\sigma_1=\frac{q_1}{4\pi\epsilon_0}$ तथा $\sigma_2=\frac{q_2}{4\pi\epsilon_0}$ होगा।

$$\therefore\ \frac{\sigma_1}{\sigma_2}=\frac{q_1}{q_2}\times\frac{b^2}{a^2}=\frac{a}{b}\times\frac{b^2}{a^2}$$

$$\Rightarrow\frac{\sigma_1}{\sigma_2}=\frac{b}{a}$$

$$\sigma\propto\frac{1}{\text{वक्रता-त्रिज्या}}$$

$\because a<b\ \therefore \sigma_1>\sigma_2$

अर्थात काम वक्रता-त्रिज्या वाले भाग (नुकीले भाग) का पृष्ठीय घनत्व अधिक क्रता-त्रिज्या वाले भाग की तुलना में अधिक होगा।

प्रश्न 21 बिन्दु (0, 0, -a) तथा (0, 0, a) पर दो आवेश क्रमशः -q और +q स्थित हैं।

a. बिन्दुओं (0, 0, z) और (x, y, 0) पर स्थिरविद्युत विभव क्या है?
b. मूल बिन्दु से किसी बिन्दु की दूरी r पर विभव की निर्भरता ज्ञात कीजिए, जबकि $\frac{r}{a}\gg 1$ है।
c. x-अक्ष पर बिन्दु (5, 0, 0) से बिन्दु (-7, 0, 0) तक एक परीक्षण आवेश को ले जाने में कितना कार्य करना होगा? यदि परीक्षण आवेश को उन्हीं बिन्दुओं के बीच x-अक्ष से होकर न ले जाएँ तो क्या उत्तर बदल जाएगा?

उत्तर-

दिए गए बिन्दु आवेश एक विद्युत द्विध्रुव बनाते हैं।

आवेशों के बीच की दूरी = 2a

$\therefore$ विद्युत द्विध्रुव आघूर्ण $\vec{p}=q\times 2\vec{a}$

$=2q\vec{a}$

बिन्दु (0, 0, z) द्विध्रुव की अक्ष पर स्थित है

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

∴ इस बिन्दु पर विद्युत विभव $V = \pm \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \frac{p}{(z^2 - a^2)}$

बिन्दु (x, y, 0) विद्युत के विषुवत तल में स्थित है अतः इस बिन्दु पर विद्युत विभव शून्य होगा।

दिए गए बिन्दु आवेश एक विद्युत द्विध्रुव बनाते हैं।

आशों के बीच की दूरी = 2a

∴ विद्युत द्विध्रुव आघूर्ण $\vec{p} = q \times 2\vec{a}$

$= 2q\,\vec{a}$

द्विध्रुव के कारण किसी बिन्दु पर विद्युत विभव:

माना कोई बिन्दु p, विद्युत के केन्द्र (मूल बिन्दु) से r दुरी पर स्थित हे। इस बिन्दु की बिन्दु आवेशों +q तथा -q से दूरियाँ क्रमशः r_1 तथा r_2 है।

तब बिन्दु p पर द्विध्रुव के कारण विद्युत विभव



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$V = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{q}{r_1} - \frac{q}{r_2}\right) \ldots (1)$$

माना $\angle ZOP = \theta$ तब

$\triangle OBP$ में

$$r_1^2 = r^2 + a^2 - 2ar\cos\theta \ldots (2)$$

तथा $\triangle AOP$ में

$$r_2^2 = r^2 + a^2 - 2ar\cos(180^\circ - \theta)$$

या $r_2^2 = r^2 + a^2 - 2ar\cos\theta \ldots (3)$

∴ समीकरण (2) से,

$$r_1^2 = r^2\left(1 - \frac{2a}{r}\cos\theta + \frac{a^2}{r^2}\right)$$

$$\approx r^2\left(1 - \frac{2a}{r}\cos\theta\right)$$ $\left[\frac{r}{a} >> 1 \text{ मानते हुए } \frac{a}{r} \text{ के द्विघात पर छोड़ने पर}\right]$

इसी प्रकार $r_2^2 \approx r^2\left(1 + \frac{2a}{r}\cos\theta\right)$

$$\therefore \frac{1}{r_1} \approx \frac{1}{r}\left(1 - \frac{2a}{r}\cos\theta\right)^{\frac{-1}{2}}$$

$$\frac{1}{r_1} \approx \frac{1}{r}\left(1 + \frac{a}{r}\cos\theta\right)$$

इसी प्रकार $\frac{1}{r_2} \approx \frac{1}{r}\left(1 + \frac{a}{r}\cos\theta\right)$

∴ समीकरण (1) में मन रखने पर

$$V = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q}{r} \times \frac{2a}{r}\cos\theta$$

$$= \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{(2qa)\cos\theta}{r^2}$$

अतः द्विध्रुव के कारण उसके केन्द्र से r दुरी पर $\left(\frac{r}{a} >> 1\right)$ विद्युत विभव

$$V = \frac{p\cos\theta}{4\pi\epsilon_0 r^2}$$ जहाँ p =2qa

परन्तु $p\cos\theta = \vec{p}.\hat{r}$

SHIVOM CLASSES 8696608541

दिए गए बिन्दु आवेश एक विद्युत द्विध्रुव बनाते हैं।

आवेशों के बीच की दूरी = 2a

∴ विद्युत द्विध्रुव आघूर्ण $\vec{p} = q \times 2\vec{a}$

$= 2q\vec{a}$

बिन्दु p (5, 0, 0) तथा Q(-7, 0, 0) द्विध्रुव के विषुवत तल में स्थित है: अतः इन दोनों बिन्दुओ पर विभव शून्य होगा।

∴ परीक्षण-क्षेत्र आवेश q0 को बिन्दु P से Q तक ले जाने में किया गया कार्य

$$W = q_0[V(Q) - V(Q)] = 0$$

$$[\because V(P) = V(Q) = 0]$$

विद्युत-क्षेत्र एक संरक्षी क्षेत्र है जिससे किया गया कार्य केवल अत्यंत बिन्दुओ पर निर्भर करता है न की मार्ग पर।

अतः उत्तर में कोई परिवर्तन नहीं आएगा।

प्रश्न 22 नीचे दिए गए चित्र 2.14 में एक आवेशविन्यास जिसे विद्युत चतुर्भुवी कहा जाता है, दर्शाया गया है। चतुर्भुवी के अक्ष पर स्थित किसी बिन्दु के लिए पर विभव की निर्भरता प्राप्त कीजिए जहाँ $\frac{r}{a} \gg 1$ अपने परिणाम की तुलना एक विद्युत द्विध्रुव व विद्युत एकल ध्रुव (अर्थात् किसी एकल आवेश) के लिए प्राप्त परिणामों से कीजिए।



उत्तर- माना P की विभिन्न आवेशों से दूरियाँ निम्नलिखित हैं-

r – a, r, r + a

चतुर्भुवी होने के कारण बिन्दु P पर विद्युत विभव

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$V = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left[\frac{q}{r-a} - \frac{2q}{r} + \frac{q}{r+a}\right]$$

$$= \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left[\frac{r(r-a)-2(r^2+a^2)+r(r-a)}{r(r^2-a^2)}\right]$$

$$= \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\left[\frac{2a^2}{r^3\left(1-\frac{a^2}{r^2}\right)}\right]$$

$$= \frac{2a^2}{4\pi\epsilon_0 r^3}$$

$$\left[\frac{r}{a} >> 1 \Rightarrow \frac{a}{r} << 1\right]$$

$$V = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{pa}{r^3}$$

$$\Rightarrow V = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{pa}{r^3}$$

$$V \propto \frac{1}{r^3}$$

विद्युत द्विध्रुव् के कारण अक्ष पर विभव दुरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती $\left(V \propto \frac{1}{r^2}\right)$ होता है।एकल ध्रुव के कारण यह दुरी के व्यत्क्रमानुसार $\left(V \propto \frac{1}{r}\right)$ होता है अतः चतुर्ध्रुवी होने के कारण विभव, विद्युत द्विध्रुव तथा एकल ध्रुव की तुलना में अधिक से घुटता है।

प्रश्न 23 एक विद्युत टैक्नीशियन को 1kV विभवान्तर के परिपथ में 2μF संधारित्र की आवश्यकता है। 1μF के संधारित्र उसे प्रचुर संख्या में उपलब्ध हैं जो 400V से अधिक का विभवान्तर वहन नहीं कर सकते। कोई सम्भव विन्यास सुझाइए जिसमें न्यूनतम संधारित्रों की आवश्यकता हो।

उत्तर-

SHIVOM CLASSES 8696608541

माना हम प्रत्येक पंक्ति में n संधारित्र जोड़ते हैं तथा ऐसी m पंक्तियों को समान्तर क्रम में जोड़ते हैं। श्रेणीक्रम में, 1kV = 1000V को विभवान्तर n संधारित्रों में बराबर बँट जाएगा।

प्रत्येक संधारित्र पर विभवान्तर $= \frac{1000}{n}$

$$\because \frac{1000}{n} < 400$$

$$\Rightarrow \frac{1000}{400} < n$$

$$\Rightarrow 2.5 < n$$

∵ n न्यूनतम पूर्णांक है: अतः n = 3

प्रत्येक पंक्ति की धारिता $= \frac{1}{n} \mu F$ होगा।

समान्तर क्रम में जुडी ऐसी m पंक्तियों की धारिता.

$$\frac{1}{n} + \frac{1}{n} + \frac{1}{n} + \cdots + m$$

$$\Rightarrow \frac{m}{n} \mu F = 2\mu F$$

$$\Rightarrow m = 2n = 2 \times 3 = 6$$

हमें 3-3 संधारित्रों को श्रेणीक्रम में जोड़कर इस प्रकार की 6 पंक्तियाँ बनानी होंगी। अब इन 6 पंक्तियों को समान्तर क्रम में जोड़ना होगा।

प्रश्न 24 2F वाले एक समान्तर पट्टिका संधारित्र की पट्टिका का क्षेत्रफल क्या है, जबकि पट्टिकाओं का पृथकन 0.5 सेमी है? [अपने उत्तर से आप यह समझ जाएँगे कि सामान्य संधारित्र μF या कम परिसर के क्यों होते हैं? तथापि विद्युत-अपघटन संधारित्रों (Electrolytic capacitors) की धारिता कहीं अधिक (0.1F) होती है क्योंकि चालकों के बीच अति सूक्ष्म पृथकन होता है।

उत्तर- दिया है, समान्तर पट्ट संधारित्र की धारिता C = 2F.

इसकी प्लेटों के बीच पृथक्करण (दूरी) $d = 0.5$ सेमी $= 5 \times 10^{-3} m$

प्लेट का क्षेत्रफल A = ?, $\epsilon_0 = 8.854 \times 10^{-12} C^2/Nm^2$

SHIVOM CLASSES 8696608541

$$C = \frac{\epsilon_{0A}}{d}$$

$$A = \frac{Cd}{\epsilon_0} = \frac{2 \times 5 \times 10^{-3}}{8.854 \times 10^{-12}}$$

$= 1130 \times 10^6$ मीटर^2 1130 किमी^{2}

प्रश्न 25 चित्र के नेटवर्क (जाल) की तुल्य धारिता प्राप्त कीजिए। 300V संभरण (सप्लाई) के साथ प्रत्येक संधारित्र का आवेश व उसकी वोल्टता ज्ञात कीजिए।



उत्तर- दिए गए नेटवर्क को संलग्न चित्र की भाँति व्यवस्थित किया जा सकता है-

सर्वप्रथम C_2 व C_3 श्रेणीक्रम में जुड़े हैं, इनकी तुल्य धारिता

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)



$$= \frac{C_2 \times C_3}{C_2 + C_3} = \frac{200 \times 200}{200 + 200} = 100\text{pF}$$

अब यह 100pF की धारिता C1 के साथ समान्तर क्रम में जुड़ी है,

अतः तुल्य-धारिता = 100 + 100 = 200pF

पुनः यह 200pF, C4 के साथ श्रेणीक्रम में जुड़ा है।

∴ नेटवर्क की तुल्य धारिता

$$C = \frac{200 \times C_4}{200 + C_4} = \frac{200 \times 100}{200 + 100}$$

या

$$C = \frac{200}{3}\text{pF}$$

∵ संयोजन की वोल्टता V = 300V

∴ संयोजन पर कुल आवेश

$$q = CV = \frac{200 \times 10^{-12}}{3}\text{F} \times 300\text{V}$$

$$= 2 \times 10^{-8C}$$

∵ C_4 शेष संयोजन (धारिता 200pF) के साथ श्रेणीक्रम में जुडा है,

अतः C_4 तथा शेष संयोजन, दोनों पर यही आवेश होगा।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

∴ C_4 का विभवान्तर $\frac{q}{C_4} = \frac{2\times10^{-8}}{100\times10^{-12}} = 200V$

शेष संयोजन का विभवान्तर V = 300V - 200V = 100V

C_1, C_2 व C_3 के श्रेणी संयोजन से समान्तर क्रम में जुड़ा है,

C_1 का विभवान्तर = 100V

तथा C_2 व C_3 के श्रेणी संयोजन का विभवान्तर = 100V

C_1 पर आवेश $q_1 = C_1V_1 = 100 \times 10^{-12}F \times 100V = 10^{-8}C$

$C_2 = C_3$; अतः कुल विभवान्तर 100V इन पर बराबर-बराबर बंटेगा।

प्रत्येक का विभवान्तर = 50V

प्रत्येक पर आवेश $q_2 = C_2V_2 = 200 \times 10^{-12}F \times 50V = 10^{-8}C$

अतः संयोजन की धारिता $C = \frac{200}{3}pF$

C_1 का विभवान्तर = 100 V तथा आवेश = $10^{-8}C$

C_2 का विभवान्तर = 50 V तथा आवेश = $10^{-8}C$

C_3 का विभवान्तर = 50 V तथा आवेश = $10^{-8}C$

C_4 का विभवान्तर = 200V तथा आवेश = $2 \times 10^{-8}C$

प्रश्न 26 किसी समान्तर पट्टिका संधारित्र की प्रत्येक पट्टिका का क्षेत्रफल 90 सेमी^{2} है और उनके बीच पृथकन 2.5mm है। 400V संभरण से संधारित्र को आवेशित किया गया है।

a. संधारित्र कितना स्थिरविद्युत ऊर्जा संचित करता है?
b. इस ऊर्जा को पट्टिकाओं के बीच स्थिरविद्युत-क्षेत्र में संचित समझकर प्रति एकांक आयतन ऊर्जा u ज्ञात कीजिए। इस प्रकार, पट्टिकाओं के बीच विद्युत-क्षेत्र E के परिमाण और u में सम्बन्ध स्थापित कीजिए।

उत्तर- दिया है, $A = 90cm^2 = 9 \times 10^{-3}\ m^2$, $d = 2.5mm = 2.5 \times 10^{-3}m$

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

V = 400V, U = ?

एकांक आयतन में ऊर्जा u = ?

u व् E के बिच संबन्ध = ?

a. संधारित्र में संचित ऊर्जा $U = \frac{1}{2}CV^2 = \frac{1}{2}\frac{\epsilon_0 A}{d}V^2$

$= \frac{1}{2}\frac{8.854\times10^{-12}\times9\times10^{-3}}{2.5\times10^{-3}} \times (400)^2\ J$

$= 2.55 \times 10^{-6}\ J$

b. संधारित्र का आयतन $Ad = 9 \times 10^{-3}m^2 \times 2.5 \times 10^{-3}m$

$= 22.5 \times 10^{-6}m^3$

∴ एकांक आयतन में संचित ऊर्जा = $\frac{\text{कुल ऊर्जा}}{\text{आयतन}}$

$= \frac{2.55 \times 10^{-6}}{22.5 \times 10^{-6}}$

$= 0.113 Jm^{-3}$

पुनः चूँकि कुल संचित ऊर्जा $U = \frac{1}{2}CV^2 = \frac{1}{2}\frac{\epsilon_0 A}{d}V^2$

∴ एकांक आयतन में संचित ऊर्जा $u = \frac{U}{Ad} = \frac{1}{2}\frac{\epsilon_0 AV/d}{Ad}$

$= \frac{1}{2}\epsilon_0\left(\frac{V}{d}\right)^2$

(परन्तु $\frac{V}{D} = E =$ विद्युत-क्षेत्र)

∴ एकांक आयतन में संचित ऊर्जा $u = \frac{1}{2}\epsilon_{0E}^2$

प्रश्न 27 एक 4μF के संधारित्र को 200V संभरण (सप्लाई) से आवेशित किया गया है। फिर संभरण से हटाकर इसे एक अन्य अनावेशित 2μF के संधारित्र से जोड़ा जाता है। पहले संधारित्र की कितनी स्थिरविद्युत ऊर्जा का ऊष्मा और विद्युत चुम्बकीय विकिरण के रूप में ह्रास होता है?

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- दिया है, $C_1 = 4 \times 10^{-6}F$, $V_1 = 200V$, $C_2 = 2 \times 10^{-6}F$, $V_2 = 0V$

माना जोड़ने के पश्चात् दोनों का उभयनिष्ठ विभव V है।

जोड़ने से पूर्व संभरण को हटा लिया गया है; अतः कुल आवेश स्थिर रहेगा।

$$\therefore C_1V_1 + C_2V_2 = (V_1 + C_2)V$$

$$\therefore V = \frac{C_1V_1+C_2V_2}{C_1+C_2}$$

$$= \frac{4\times10^{-6}\times200+0}{4\times10^{-6}+2\times10^{-6}}$$

$$= \frac{400}{3}V$$

∴ विकिरण के रूप में ऊर्जा का ह्रास

$$\triangle U = U_1 - U_2 = \left(\frac{1}{2}c_1V_1^2 + \frac{1}{2}C_2V_2^2\right) - \frac{1}{2}(C_1 + C_2)V^2$$

$$= \left[\frac{1}{2}4 \times 10^{-5} \times (200)^2 + 0\right] - \frac{1}{2}[4+2] \times 10^{-6} \times \left(\frac{400}{3}\right)^2$$

$$= 8 \times 10^{-2} - \frac{16}{3} \times 10^{-2} = \frac{8}{3} \times 10^{-2} J$$

$$\triangle U = 2.67 \times 10^{-2} J$$

अन्य विधि:

$$\text{ऊर्जा ह्रास } \triangle U = \frac{C_1C_2}{2(c_1+C_2)} \times (V_1 \sim V_2)^2$$

$$= \frac{4\times10^{-6}\times2\times10^{-6}}{2(4+2)\times10^{-6}} \times (200-0)62$$

$$= 2.67 \times 10^{-2} J$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 28 दर्शाइए कि एक समान्तर पट्टिका संधारित्र की प्रत्येक पट्टिका पर बल का परिमाण $\frac{1}{2}QE$ है, जहाँ Q संधारित्र पर आवेश है और E पट्टिकाओं के बीच विद्युत-क्षेत्र का परिमाण है। घटक $\frac{1}{2}$ के मूल को समझाइए।

उत्तर- माना दोनों पट्टिकाओं के बीच लगने वाला पारस्परिक आकर्षण बल F है तथा प्लेटों के बीच की दूरी है। दूरी x में dx की वृद्धि करने पर आकर्षण बल F के विरुद्ध कृत कार्य

dW = Fdx .....(i)

प्लेटों के बीच विद्युत-क्षेत्र E है; अत: संधारित्र के एकांक आयतन में संचित ऊर्जा $u = \frac{1}{2}\epsilon_{0E}^{2}$
प्लेटों का क्षेत्रफल A व बीच की दूरी 4 है; अत: संधारित्र की कुल ऊर्जा

$$u = \frac{1}{2}\epsilon_0 E^2 (Ax)$$

∴ दुरी x में dx की वृद्धि करने पर ऊर्जा में वृद्धि

$$dU = \frac{1}{2}\epsilon_0 E^2 A\, dx$$

स्पष्ट है की $dW = dU$

$$\Rightarrow F\, dx = \frac{1}{2}\epsilon_0 E^2 A\, dx$$

$$F = \frac{1}{2}E(\epsilon_0 EA)$$

$$\left[\therefore = \frac{\sigma}{\epsilon_0} = \frac{Q}{\epsilon_0 A} \Rightarrow \epsilon_0 EA = Q\right]$$

$$F = \frac{1}{2}QE$$

घटक $\frac{1}{2}$ का मूल इस तथ्य में निहित है कि चालक प्लेट के बाहर विद्युत-क्षेत्र $\frac{E}{2}$ तथा प्लेट के भीतर शून्य होता है। अत: औसत विद्युत-क्षेत्र में होता है, जिसके विरुद्ध प्लेट को खिसकाया जाता है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 29 दो संकेन्द्री गोलीय चालकों जिनको उपयुक्त विद्युतरोधी आलम्बों से उनकी स्थिति में रोका गया है, से मिलकर एक गोलीय संधारित्र बना है। दर्शाइए कि गोलीय संधारित्र की धारिता C इस प्रकार व्यक्त की जाती है-

$$C = \frac{4\pi\epsilon_0\, r_1 r_2}{r_1 - r_2}$$



जहाँ r_1 और r_2 क्रमशः बाहरी तथा भीतरी गोलों की त्रिज्याएँ है।

उत्तर- गोलीय अथवा गोलाकार संधारित्र की धारिता (Capacitance of Spherical Capacitor) का व्यंजक-माना गोलीय संधारित्र धातु के दो समकेन्द्रीय खोखले गोलों A व B का बना है, जो एक-दूसरे को कहीं भी स्पर्श नहीं करते। जब गोले A को -q आवेश दिया जाता है तो प्रेरण द्वारा गोले B पर +q आवेश उत्पन्न हो जाता है। चूंकि गोले B का बाहरी तल पृथ्वी से जुड़ा है; अतः गोले B के बाहरी तल पर उत्पन्न -q आवेश पृथ्वी से आने वाले इलेक्ट्रॉनों से निरावेशित हो जाता है। इस प्रकार गोले B के आन्तरिक पृष्ठ पर +q आवेश रह जाता है। माना गोले A की त्रिज्या r_2 तथा गोले B की त्रिज्या b है।

गोले A पर -q आवेश के कारण विभव

SHIVOM CLASSES 8696608541
SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$$V_1 = -\frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q}{r_2}$$

चूँकि विभव आदिश राशि है: अतः गोले A पर परिणामी विभव

$$V = V_1 + V_2 = \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q}{r_1} - \frac{1}{4\pi\epsilon_0}\frac{q}{r_2}$$

$$= \frac{q}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{1}{r_1} - \frac{1}{r_2}\right) = \frac{q}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{r_2 - r_1}{r_1 r_2}\right)$$

गोला B पृथ्वी से जुड़ा होने क कारण इस पर विभव शून्य है। अतः गोले A व् B के बीच विभवान्तर

$$V = 0 - \frac{q}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{r_2 - r_1}{r_1 r_2}\right) = \frac{q}{4\pi\epsilon_0}\left(\frac{r_1 - r_2}{r_1 r_2}\right)$$

अथवा

$$\frac{q}{V} = 4\pi\epsilon_0\left(\frac{r_1 r_2}{r_1 - r_2}\right)$$

संधारित्र की धारिता के सूत्र $C = 4\pi\epsilon_0\left(\frac{r_1 r_2}{r_1 - r_2}\right)$

यदि गोलों के बिच का स्थान K पारावैधुतांक वाले माध्यम द्वारा भरा है तो ϵ_0 के स्थान पर $\epsilon_0 K$ रखने पर अभीष्ट धारिता $C = \frac{4\pi\epsilon_0 r_1 r_2}{(r_1 - r_2)}$ होगा।

प्रश्न 30 एक गोलीय संधारित्र के भीतरी गोले की त्रिज्या 12 सेमी है तथा बाहरी गोले की त्रिज्या 13 सेमी है। बाहरी गोला भू-सम्पर्कित है तथा भीतरी गोले पर 2.5μC का आवेश दिया गया है। संकेन्द्री गोलों के बीच के स्थान में 32 परावैद्युतांक का द्रव भरा है।

a. संधारित्र की धारिता ज्ञात कीजिए।
b. भीतरी गोले का विभव क्या है?
c. इस संधारित्र की धारिता की तुलना एक 12 सेमी त्रिज्या वाले किसी वियुक्त गोले की धारिता से कीजिए। व्याख्या कीजिए कि गोले की धारिता इतनी कम क्यों है?

उत्तर- दिया है, r_1 = 13 सेमी = 0.13 मी, r_2 = 0.12 मी, K = 32, Q = 2.5×10^{-6}C

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

a. गोलीय संधारित्र की धारिता

$$C = 4\pi\epsilon_0 K = \left(\frac{r_1 r_2}{r_1 - r_2}\right) = \frac{1}{9\times10^9} \times 32\left(\frac{0.13\times0.12}{0.13-0.12}\right)F$$

$$= 5.55 \times 10^{-9}F = 5550pF$$

$$= 5.5 \times 10^{-9}F$$

b. संधारित्र की विभवान्तर $V = \frac{Q}{C} = \frac{2.5\times10^{-6C}}{5.55\times10^{-9F}} = 450V$

बाहरी गोले का विभव = 0

यदि भीतरी गोले का विभव = V_1 है तो

$$V_1 - 0 = 450 \Rightarrow \text{भीतरी गोले का विभव } V = 450\ V = 4.5 \times 10^2 V$$

c. $r = 12cm = 0.12m$ त्रिज्या के गोले की धारिता $C' = 4\pi\epsilon_0 r$

$$= \frac{1}{9\times10^9} \times 0.12 = 13.3\ pF = 1.3 \times 10^{-11}F$$

$$\therefore \frac{C}{C'} = 416$$

$$\Rightarrow C = 416C'$$

अर्थात् गोलीय संधारित्र की धारिता एकल गोले की धारिता से 416 गुनी अधिक है। इससे यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि एकल चालक के समीप एक अन्य भू-सम्पर्कित चालक रखकर उनके बीच के स्थान में परावैद्युत भरने से धारिता बहुत अधिक बढ़ जाती है।

प्रश्न 31 सावधानीपूर्वक उत्तर दीजिए:

a. दो बड़े चालक गोले जिन पर आवेश Q_1 और Q_2 हैं, एक-दूसरे के समीप लाए जाते हैं। क्या इनके बीच स्थिर विद्युत बल का परिमाण तथ्यत: $\frac{Q_1 Q_2}{4\pi\epsilon_0 r^2}$ द्वारा दर्शाया जाता है, जहाँ r इनके केन्द्रों के बीच की दूरी है।

b. यदि कूलॉम के नियम में $\frac{1}{r^3}$ निर्भरता का समावेश ($\frac{1}{r^3}$ के स्थान पर) हो तो क्या गाउस का नियम अभी भी सत्य होगा?

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

c. स्थिरविद्युत-क्षेत्र विन्यास में एक छोटा परीक्षण आवेश किसी बिन्दु पर विराम में छोड़ा जाता है। क्या यह उस बिन्दु से होकर जाने वाली क्षेत्र रेखा के अनुदिश चलेगा?

d. इलेक्ट्रॉन द्वारा एक वृत्तीय कक्षा पूरी करने में नाभिक के क्षेत्र द्वारा कितना कार्य किया जाता है? यदि कक्षा दीर्घवृत्ताकार हो तो क्या होगा?

e. हमें ज्ञात है कि एक आवेशित चालक के पृष्ठ के आर-पार विद्युत-क्षेत्र असंतत होता है। क्या वहाँ विद्युत विभव भी असंतत होगा?

f. किसी एकल चालक की धारिता से आपका क्या अभिप्राय है?

g. एक सम्भावित उत्तर की कल्पना कीजिए कि पानी का परावैद्युतांक (= 80), अभ्रक के परावैद्युतांक (= 6) से अधिक क्यों होता है?

उत्तर-

a. यदि दोनों गोले एक-दूसरे से बहुत अधिक दूरी पर होंगे तभी वे बिन्दं आवेशों की भाँति कार्य करेंगे। कूलॉम का नियम केवल बिन्दु आवेशों के लिए सत्य है; अत: गोलों को समीप लाने पर कूलॉम का नियम लागू नहीं होगा।

b. नहीं, गाउस का नियम केवल तभी तक सत्य है जब तक कि कूलॉम के नियम में निर्भरता $\frac{1}{r^3}$ अतः कूलॉम के नियम में निर्भरता $(\frac{1}{r^3})$ होने पर गाउस का नियम लागू नहीं होगा।

c. नहीं, यदि क्षेत्र रेखा एक सरल रेखा है, केवल तभी परीक्षण आवेश क्षेत्र रेखा के अनुदिश चलेगा।

d. शून्य, स्थिर विद्युत क्षेत्र में बिन्दु आवेश के बन्द वक्र पर चलाने में किया गया कार्य शून्य होता है। यदि वक्र दीर्घवृत्ताकार है तो भी कार्य शून्य होगा।

e. नहीं, चालक की पूरी सतह पर विद्युत विभव सतत होता है।

f. एकल चालक की धारिता एक ऐसे संधारित्र की धारिता है, जिसकी दूसरी प्लेट अनन्त पर है।

g. जल के अणुओं का अपना स्थायी द्विध्रुव आघूर्ण होता है; अत: जल का परावैद्युतांक उच्च होता है, इसके विपरीत अभ्रक के अणुओं का द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है; अत: इसका परावैद्युतांक निम्न होता है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 32 एक बेलनाकार संधारित्र में 15 सेमी लम्बाई एवं त्रिज्याएँ 1.5 सेमी तथा 1.4 सेमी के दो समाक्ष बेलन हैं। बाहरी बेलन भू-सम्पर्कित है और भीतरी बेलन को 3.5μF का आवेश दिया गया है। निकाय की धारिता और भीतरी बेलन का विभव ज्ञात कीजिए। अन्त्य प्रभाव (अर्थात सिरों पर क्षेत्र रेखाओं का मुड़ना) की उपेक्षा कर सकते हैं।

उत्तर- बेलनाकार संधारित्र की धारिता

$$C = 2\pi\epsilon_0 \frac{l}{2.303 \log_{10}\left(\frac{b}{a}\right)}$$

यहाँ $l = 0.15\text{m},\ a = 1.4\text{cm}, b = 1.5\text{cm}, Q = 3.5\mu\text{C}$

$$\therefore C = \frac{1}{2\times6\times10^9} \times \frac{0.15}{2.303 \log_{10}\left(\frac{1.5}{1.4}\right)}$$

$$= \frac{0.15}{18\times10^9\times2.303\times0.0299}$$

$$= 1.21 \times 10^{-10}\text{F} = 121\ \text{pF} = 1.2 \times 10^{-10}\text{F}$$

संधारित्र की विभवान्तर $V = \frac{Q}{C} = \frac{3.5\times10^{-6}}{121\times10^{-12}} = 2.89 \times 10^4\text{V}$

$\because$ बाहरी बेलन का विभव = 0

$\therefore$ भीतरी बेलन का विभव = $= 2.89 \times 10^4\text{V}$ या $2.9 \times 10^4\text{V}$

प्रश्न 33 3 परावैद्युतांक तथा 10^7Vm^{-1} की परावैद्युत सामर्थ्य वाले एक पदार्थ से 1kV वोल्टता अनुमतांक के समान्तर पट्टिका संधारित्र की अभिकल्पना करनी है। [परावैद्यत सामर्थ्य वह अधिकतम विद्युत-क्षेत्र है जिसे कोई पदार्थ बिना भंग हुए अर्थात आंशिक आयनन द्वारा बिना विद्युत संचरण आरम्भ किए सहन कर सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र को कभी भी परावैद्युत सामर्थ्य के 10% से अधिक नहीं होना चाहिए।] 50pF धारिता के लिए पट्टिकाओं का कितना न्यूनतम क्षेत्रफल होना चाहिए?

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

उत्तर- दिया है, K = 3 परावैद्युत सामर्थ्य = 10^7 वोल्ट/m, C = 500pF, न्यूनतम क्षेत्रफल A = ?

V = 1000 वोल्ट

प्लेटो के बिच अधिकतम क्षेत्र E_{max} = परावैद्युत सामर्थ्य का 10%

$$= \frac{10}{100} \times 10^7 = 10^{6V/m}$$

माना प्लेटो के बिच की दुरी d है तो

$$E_{max} = \frac{V}{d}$$

$$\Rightarrow d = \frac{V}{E_{max}} = \frac{1000}{10^6} = 10^{-3} m$$

$$\therefore c = \frac{\epsilon_0 KA}{d} \text{ से } A = \frac{Cd}{\epsilon_0 K}$$

$$\therefore \text{ प्लेटो के बिच का क्षेत्रफल } A = \frac{50 \times 10^{-12} \times 10^{-3}}{8.854 \times 10^{-12} \times 3} = 1.88 \times 10^{-3} m^2$$

= 18.8cm^2 = 19cm

प्रश्न 34 व्यवस्थात्मकतः निम्नलिखित में संगत समविभव पृष्ठ का वर्णन कीजिए:

a. z-दिशा में अचर विद्युत-क्षेत्र।
b. एक क्षेत्र जो एकसमान रूप से बढ़ता है, परन्तु एक ही दिशा (मान लीजिए z-दिशा में रहता है।
c. मूल बिन्दु पर कोई एकल धनावेश।
d. एक समतल में समान दूरी पर समान्तर लम्बे आवेशित तारों से बने एकसमान जाल।

उत्तर-

a. x-y समतल के समान्तर समतल।
b. समविभव पृष्ठ x-y समतल के समान्तर होंगे, परन्तु बढ़ते क्षेत्र के साथ, भिन्न-भिन्न नियत विभव वाले समतल एक-दूसरे के समीप होते जाएँगे।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

c. संकेन्द्रीय गोले जिनके केन्द्र मूल बिन्दु पर हैं।

d. ग्रिड के समीप, समविभव पृष्ठों की आकृति समय के साथ बदलेगी परन्तु ग्रिड से दूर जाने पर समविभव पृष्ठ ग्रिड (जाल) के अधिकाधिक समान्तर होते जाएँगे।

प्रश्न 35 r_1 त्रिज्या तथा q_1 आवेश वाला एक छोटा गोला r_2 त्रिज्या और q_2 आवेश के गोली खोल (कोश) से घिरा है। दर्शाइए यदि q_1 धनात्मक है तो (जब दोनों को एक तार द्वारा जोड़ दिया जाता है) आवश्यक रूप से आवेश, गोले से खोल की तरफ ही प्रवाहित होगा, चाहे खोल पर आवेश q_2 कुछ भी हो।

उत्तर- हम जानते हैं कि किसी चालक का सम्पूर्ण आवेश उसके बाह्य पृष्ठ पर रहता है; अतः जैसे ही दोनों गोलों को चालक तार द्वारा जोड़ा जाएगा वैसे ही अन्दर वाले छोटे गोले को सम्पूर्ण आवेश तार से होकर बाहरी खोल की ओर प्रवाहित हो जाएगा, चाहे खोल पर आवेश q_2 कुछ भी क्यों न हो।

प्रश्न 36 निम्न का उत्तर दीजिए-

a. पृथ्वी के पृष्ठ के सापेक्ष वायुमण्डले की ऊपर परत लगभग 400kV पर है, जिसके संगत विद्युत-क्षेत्र ऊँचाई बढ़ने के साथ कम होता है। पृथ्वी के पृष्ठ के सापेक्ष विद्युत-क्षेत्र लगभग $100 Vm^{-1}$ है। तब फिर जब हम घर से बाहर खुले में जाते हैं तो हमें विद्युत आघात क्यों नहीं लगता? (घर को लोहे का पिंजरा मान लीजिए; अतः उसके अन्दर कोई विद्युत-क्षेत्र नहीं है।)

b. एक व्यक्ति शाम के समय अपने घर के बाहर 2 मी ऊँचा अवरोधी पट्ट रखता है जिसके शिखर पर एक 1 मी2 क्षेत्रफल की बड़ी ऐलुमिनियम की चादर है। अगली सुबह वह यदि धातु की चादर को छूता है तो क्या उसे विद्युत आघात लगेगा?

c. वायु की थोड़ी-सी चालकता के कारण सारे संसार में औसतन वायुमण्डल में विसर्जन धारा 1800A मानी जाती है। तब यथासमय वातावरण स्वयं पूर्णतः निरावेशित होकर विद्युत उदासीन क्यों नहीं हो जाता? दूसरे शब्दों में, वातावरण को कौन आवेशित रखता है?

d. तड़ित के दौरान वातावरण की विद्युत ऊर्जा, ऊर्जा के किन रूपों में क्षयित होती है?

उत्तर-

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

a. हमारा शरीर तथा पृथ्वी के समान विभव पर रहने के कारण हमारे शरीर से होकर कोई विद्युत धारा प्रवाहित नहीं होती इसीलिए हमें कोई विद्युत आघात नहीं लगता।

b. हाँ, पृथ्वी तथा ऐलुमिनियम की चादर मिलकर एक संधारित्र बनाती हैं तथा अवरोधी पट्ट परावैद्युत का कार्य करती है। ऐलुमिनियम की चादर वायुमण्डलीय आवेश के लगातार गिरते रहने से आवेशित होती रहती है और उच्च विभव प्राप्त कर लेती है; अतः जब व्यक्ति इस चादर को छूता है तो उसके शरीर से होकर एक विद्युत धारा प्रवाहित होती है और इस कारण उस व्यक्ति को विद्युत आघात लगेगा।

c. यद्यपि वायुमण्डल 1800A की औसत विसर्जन धारा के कारण लगातार निरावेशित होता रहता है। परन्तु साथ ही तड़ित तथा झंझावात के कारण यह लगातार आवेशित भी होता रहता है और इन दोनों के बीच एक सन्तुलन बना रहता है जिससे कि वायुमण्डल कभी भी पूर्णत: निरावेशित नहीं हो पाता।

d. तड़ित के दौरान वातावरण की विद्युत ऊर्जा, प्रकाश ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा तथा ऊष्मीय ऊर्जा के रूप में क्षयित होती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)